# ‘महात्मा फुले समता पुरस्कार’

## चर्चा में क्यों?

28 नवंबर, 2021 को महात्मा फुले की 131वीं पुण्यतिथि (समता दिवस) के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पुणे के महात्मा फुले स्मारक समता भूमि में आयोजित समारोह में ‘महात्मा फुले समता पुरस्कार’ से सम्मानित किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद द्वारा आयोजित इस समारोह में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन भुजबल ने मुख्यमंत्री बघेल को फुले पगड़ी, मानद शॉल, सम्मान निधि और स्मृति चिह्न से सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने कार्यकाल के दौरान समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने की दिशा में लिये गए असाधारण फैसलों और महत्वपूर्ण कार्यों के लिये इस वर्ष के महात्मा फुले समता पुरस्कार प्रदान किया गया।
- पुरस्कार समारोह में मुख्यमंत्री को ज्योतिबा फुले की पुस्तक ‘किसान का कोड़ा’ की प्रति भी भेंट की गई।
- उल्लेखनीय है कि समता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद राजनीति, साहित्य और पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिये मशहूर हस्तियों को ‘महात्मा फुले समता पुरस्कार’ प्रदान करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mahatma-phule-samta-award